तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, शनिवार 21 मार्च 2026

11 मां ब्रम्हचारिणी दरबार में 418 ज्योति कलश प्रज्वलित



12 फसल चक्र परिवर्तन से समृद्ध हो रहे किसान...





आवश्यकता है
कपड़े एवं रेडीमेड दुकान में काम करने के लिये
• सेल्समेन-सेल्सगर्ल
• कम्प्यूटर कार्य के लिये लड़के/लड़कियां
• लेडिस स्टॉफ
आकर्षक वेतन दिया जाएगा
काका होजियरी
फोन : 9893744470

# कोडोहरदी वन प्रबंधन माडल सीखने पहुंचे बलरामपुर के ग्रामीण, ग्राम सभा की मजबूती को सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

ग्राम कोडोहरदी में सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन कार्य को देखने एवं सिखाने बलरामपुर जिले से 10 गांव के 25 लोग पहुंचे। भूमि बन्धु संस्था के कार्यकताओं का भी ग्राम सभा कोडोहरदी जंगल में रख रखाव, नियमावली, ग्राम सभा को सशक्त ग्राम सभा के सभी प्रकार के दस्तावेज देखा गया एवं जंगल भ्रमण किया। गांव के मुखिया मोहन ने बताया की हम पेशा को लेकर ग्राम सभा मजबूत कर रहे हैं। ग्राम संगठन चन्दा कर प्रबंधन कार्य को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया जा रहा है। कुप कटाई को लेकर बिना ग्राम अनुमति नहीं दी जायेगी ऐसा ग्राम सभा का निर्णय लिया गया। ग्राम सभा में उपस्थित नहीं होने से अर्थदंड 50 रुपये ग्राम सभा में लिया जाता है। और प्रबंधन समिति के सचिव गौतम ध्रुव द्वारा बताया गया की सामुदायिक वन संसाधन अधिकार ग्राम सभा को मिला 1136.738 हे समिति गठित कर संचालित किया जा रहा है जंगल भ्रमण, जंगल को पारम्परिक नाम से वन खण्ड, पेड़ गणना, सिमा बोंड जिसमें अवैध शिकार, अवैध काटाई, पर प्रतिबंध लगा गया है।

## सशक्त ग्राम सभाः अनुपस्थिति पर अर्थदंड और कड़े नियम



### बलरामपुर के मुखियाओं ने ली प्रेरणा

ग्राम सभा चर्चा एवं निर्णय को कार्यवाही राजिंस्टर में लिखा जाता है। गस्ती दल तैनात कर जंगल की सुरक्षा की जाती महिलाओ ने वनोपज संकलन चार चिरोंजी महुआ बाहरी गांव के लिए रोकथाम किया गया तकी उनके आजिविका में वृद्धि हो जिला प्रशासन प्रबंधन कार्य को सहयोग कर रही है। यह बालमपुर जिला के मुखिया लोगों ने यहां गांव को देख उनके कार्य को देकर अपने गांव कार्य शुरू करने निर्णय लिया। आयोजन में ग्राम पंचायत सरपंच नरेंद्र ध्रुव ग्राम सभा अध्यक्ष श्याम बाई, पुरन, गांव के पटेल नयातु सिंग, भगवाती बाई सभी ग्रामीण मुखिया उपस्थिति रही। प्रयोग समाज सेवी संस्था प्रशान्त सर जिला समन्वयक नुरानी जैन, रेवती यादव, जानकी जगत, दयावती नागेश आदि उपस्थित थे।

## नवरात्रि विशेष



### तृतीय : चंद्रघंटा

मां दुर्गा का तीसरा शक्ति स्वरुप है चंद्रघंटा। नवरात्रि के तीसरे दिन मां के इसी रुप का पूजन होता है। माता का यह रुप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है। इसी से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का वर्ण सोने के समान है। उनके दस हाथ हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी पूजा से भक्तों में वीरता, निर्भयता और विनम्रता आती है। नवरात्रि के तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व माना जाता है। हमें मन-वचन-कर्म और काया की विधि विधान के अनुसार पवित्र करके ही मां की पूजा करनी चाहिए। इससे संसार के सारे कष्ट मिटते हैं और साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है। तीसरे नवरात्र को भक्त का मन मणिपुर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां की कृपा से उसे अलौकिक वस्तुओं की प्राप्ति होती है। विविध प्रकार की ध्वनियां सुनाई देती है। मां की कृपा से सारे पाप और संकट दूर होते हैं। इनके घंटे की आवाज प्रेत बाधाओं से सदा भक्तों की रक्षा करती है। मां चंद्रघंटा के भक्त जहां भी जाते हैं। उन्हें देखकर अन्य व्यक्ति सुख और शांति का अनुभव करते हैं। मां अपने आशीर्वाद से भक्तों को सदैव शुभफल देने वाली है। माता के इस रुप की आराधना का मंत्र इस प्रकार है।
पिंडजप्रवरारुढ़ा चंडकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते महाचंद्रघंटेति विश्रुता ॥

## विडंबना : आजादी के 78 साल से सड़क का इंतजार, पगडंडी पर टिकी है जीवन की डोर

# डुमरघाट में न सड़क पहुंची न बिजली, मरीजों को कांवर और खाट से पहुंचाते हैं अस्पताल

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र में पहाड़ी इलाके की बात तो छोड़ दीजिए तहसील मुख्यालय के नजदीक के गांवों में भी आज आजादी के 78 सालों बाद भी पक्की सड़क का निर्माण नहीं किया जा सका है और तो और अत्यधिक बीमार के साथ ही गर्भवती महिलाओं को कांवर और खाट में लिटाकर मैनपुर अस्पताल तक लाना पड़ता है। इस गांव के पंचायत बोईरगांव मे तत्कालीन मुख्यमंत्री एवं वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जब पहुंचे थे तो उन्होने ग्रामीणों की मांग पर पक्की सड़क एवं डुमरघाट में बिजली लगाने का घोषणा किया था। पूर्व मुख्यमंत्री के द्वारा घोषणा करने के बाद बकायदा अफसरों की टीम गांव तक सड़क बनाने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अफसरों ने कई दिनों तक सर्वे किया और एक माह के अंदर सड़क निर्माण कार्य ▶▶|शेष पेज 10 पर





### घोषणा के 8 साल बीते, सर्वे हुआ पर काम नहीं

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर के अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव एवं कांग्रेस नेताओं ने ग्राम डुमरघाट का दौरा कर कहा की भाजपा के तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के घोषणा के बावजूद ग्राम डुमरघाट तक सड़क और बिजली नहीं पहुंचना भाजपा सरकार की असफलता को दर्शाता है। आज भी इस ग्राम के लोग पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के घोषणा अनुसार सड़क और बिजली का इंतिजार कर रहे है। श्री ध्रुव ने कहा की जल्द ही सड़क और बिजली नहीं पहुंचाई जायेगी तो ग्रामीणों के साथ कांग्रेस इस मामले को लेकर आंदोलन करेगी। क्षेत्र के जनपद सदस्य सुकचंद ध्रुव ने बताया की पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह द्वारा बोईरगांव आने के बाद ग्राम डुमरघाट तक पक्की सड़क निर्माण की घोषणा किया गया था और तो और बिजली लगाने का भी वायदा किया गया था लेकिन आज 8 वर्षों बाद पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह का वायदा पूरा नहीं हुआ। श्री ध्रुव ने बताया की पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से जल्द ही क्षेत्र के प्रतिनिधि मंडल रायपुर पहुंचकर मुलाकात करेंगे और इस समस्या से अवगत करायेंगे।

### उच्च अधिकारियों को अवगत कराया

जन पंचायत मैनपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीएस नागवंशी ने बताया की डुमरघाट तक सड़क निर्माण के लिए प्रस्ताव और पूरा प्रकलन भेजा जा चुका है और तो और इस गांव मे बिजली के साथ ही मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है।

## धोखाधड़ी कर कैमरा बेचने की कोशिश, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

नगर के एक फोटो स्टूडियो संचालक के साथ धोखाधड़ी कर लाखों रुपये का कैमरा और सामान हड़पने वाले आरोपी को छुरा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी ने चोरी किए गए सामान को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर बेचने के लिए अपलोड किया था, जिसे पुलिस ने तकनीकी सहायता से बरामद कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार, छुरा नगर के एक फोटो स्टूडियो संचालक ने 19 मार्च को थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। प्रार्थी ने बताया कि 14 मार्च को सतीश कुमार बंजारे नामक युवक ने उसके स्टूडियो से डी-7500 और डी-7000 कैमरा, दो फ्लैश लाइट, सेल चार्जर, 16 नग सेल, 4 बैटरी, कैमरा बैग और चिप (कुल कीमत लगभग 1,62,000 रुपये) यह कहकर ले गया था कि वह इन्हें 17 मार्च तक वापस कर देगा। तय समय बीत जाने के बाद भी जब आरोपी ने सामान वापस नहीं किया और उसे बेईमानी पूर्वक बेचने की नीयत से गायब कर दिया, तब पीड़ित ने पुलिस की शरण ली। थाना छुरा पुलिस के द्वारा तकनिकी सहायता से आरोपी का पतासाजी किया मिलने से पुछताछ करने पर आरोपी सतीश कुमार बंजारे के द्वारा उक्त कैमरा एवं अन्य समानो को बेचने के लिए ओएलएक्स एप में अपलोड किया था। जुर्म स्वीकार करने पर बेईमानी कर प्रार्थी के कैमरा एवं अन्य समानों को आरोपी के निशादेही पर छुपाए स्थान से बरामद कर जप्ती किया गया। अपराध धारा अजमानतीय होने से आरोपी सतीश कुमार बंजारे पिता राजकुमार बंजारे उम्र 24 वर्ष ग्राम नगरदा थाना बिलईगढ जिला सारागढ को गिरफ्तार कर जेल भेजा हैं।



## खबर संक्षेप

### तरीघाट में लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम आज



**कोपरा।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत तरीघाट में 21 मार्च को लोकार्पण व भूमिपूजन कार्यक्रम में विधायक रोहित साहू शामिल होंगे। कार्यक्रम ग्राम पंचायत भवन बजार चौक मे होगा।

### 30 लीटर महुआ शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार



**मैनपुर।** गरियाबंद पुलिस द्वारा नया सवेरा अभियान अंतर्गत समस्त थाना प्रभारी को अपने-अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत नशे के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए थे। जिसके परिपालन में समस्त थाना प्रभारी अपने-अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत मुखबिर एवं पेट्रोलिंग सक्रिय किए थे। 20 मार्च को मुखबिर से थाना देवभोग को सूचना मिला की ग्राम चिचिया में एक व्यक्ति अवैध रूप से उड़ीसा प्रांत के कच्ची महुआ शराब रखकर अवैध धन अर्जित करने के नियत से शराब बिक्री कर रहा है। मुखबिर द्वारा बताए गए सूचना के आधार पर ग्राम चिचिया में समक्ष गवाहन के रेड कार्यवाही किया गया। रेड कार्यवाही करने पर आरोपी के कब्जे से प्लास्टिक जरीकेन में कुल 30 बल्क लीटर ओडिशा ▶▶|शेष पेज 10 पर

## मां झरझरा डोंगरी में 7 दिवसीय देवी भागवत कथा का शुभारंभ





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

चैत्र नवरात्र के पवन अवसर पर क्षेत्र के अंतिम छोर व जंगलो के बीच बसे माँ झरझरा डोंगरी गांव मुरमुरा में सात दिवसीय श्रीमद देवी भागवत कथा का आयोजन किया गया। जहां शुक्रवार कों दोपहर पाण्डुका से भव्य स्वागत होते हुए भेंडरी, लोहरसी, सहसपुर, कसेरुडीह, धुरसा मुरमुरा होते हुये मां झरझर मदिर प्रांगण पहुंचे। आयोजक समिति द्वारा पंडित युवराज पांडे का भव्य स्वागत किया गया। ततपश्चात कथा वाचक युवराज पांडे माँ झरझरा की पूजा अर्चना कार क्षेत्र के सुख-समृद्धि की कामना की। ज्योति कक्ष में पूजा किया। पंडित युवराज पांडे आज से लगातार सात दिनों तक देवी भागवत पुराण का श्रवण कराएंगे आयोजक समिति ने बड़ी संख्या मे कथा पुराण सुनने आने की अपील की है। इस दौरान आयोजक समिति रेखराम राम साहू, अध्यक्ष ढालू राम साहू, अध्यक्ष अनिल कुमार साहू, सचिव एवन कुमार साहू, उपाध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, सह सचिव रोशन लाल साहू, सह सचिव दीपक कुमार ध्रुव, सरपंच इंद्रजीत महाडिक, संरक्षक हेमन्त सांग संरक्षक अभिषेक चतुर्वेदी, संरक्षक अर्जुन सुंदरनी, बलराम साहू, घनश्याम पटेल, सुरेंद्र साहू, विक्की साहू, खेमचंद साहू, पेमीन साहू मानस मंच संचालिका व उरेन्द्र साहू मौजूद रहे।

## पेड़ पर चढ़ा दिखा तेंदुआ, वन विभाग ने किया अलर्ट

**रसेला।** ग्रामीण इलाकों में तेंदुआ की आवाजाही से ग्रामीणों में दहशत है। मवेशियों की तलाश, निवास स्थान की कमी और खेतों में छिपने के कारण ये आबादी में आ रहें हैं। ग्राम पंचायत मेडकीडबरी के आश्रित ग्राम सुरगपानी के करीब कलमी पेड़ पर चढ़ा तेंदुआ देखने पर हड़कंप मच गया। इसकी सूचना वन विभाग को दिया गया। वन विभाग की टीम ने लोगों से आग्रह किया है कि फिलहाल सावधान रहें। बिना किसी जरूरी काम से जंगल की ओर नहीं जाएं, रात के अंधेरे में ज्यादा सावधानी बरतें, वन विभाग के मुताबिक तेंदुआ अक्सर रात के वक्त ही शिकार के लिए निकलता है। वन विभाग का कहना है कि जंगल में शिकार की कमी और घटते जंगल की वजह से अक्सर इस तरह के जंगली जीव रिहायशी इलाकों तक खाने की तलाश में चले आते हैं। वन विभाग ने कहा कि वो लगातार तेंदुआ के मूवमेंट पर नजर बनाए हुए हैं। वन विभाग ने गांव वालों से कहा कि वह वो तेंदुआ के करीब जाने की कोशिश नहीं करे, तेंदुए का ध्यान अपनी ओर आकर्षित भी नहीं करें, अक्सर इस तरह के जानवर खुद को असुरक्षित महसूस होने पर हमला कर देते हैं। तेंदूए और भालुओं की दहशत के कारण ग्रामीण दिन दहाड़े भी घरों से बाहर निकलने में डर रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन और वन विभाग से सुरक्षा की गुहार लगाई है।



# टाइगर रिजर्व में आग लगाने के आरोप में ग्रामीण गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर





उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के जंगल मे इस वर्श मार्च माह प्रारंभ होते ही भारी आगजनी की घटना सामने आई है। जंगल के पहाड़ी इलाके से लेकर सड़क किनारे तक आगजनी से भारी नुकसान पहुंचा है और तो और अब तक 22 लोगों पर वन विभाग ने कार्यवाही किया है पिछले 2-3 दिनों से हो रही बारिश से आगजनी की घटना थमी है। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के कोर इलाके मे आगजनी के गंभीर मामले पर कार्यवाही करते हुए एक ग्रामीण को फिर गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। मिली जानकारी के अनुसार वरुण जैन भा.व.से. उपनिदेशक उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व गरियाबंद के कुशल मार्गदर्शन में उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के कोरक्षेत्र सीतानदी अभयारण्य अंतर्गत रिसगांव परिक्षेत्र के कक्षक्रमांक 230 के 2.499 हेक्टेयर क्षेत्र में आरोपी माचिस की तिल्ली से सूखे पत्तों और गिरी पड़ी लकड़ी में दिनांक 12 मार्च को आग लगाकर मौके से फरार हो गया था। आरोपी के वनक्षेत्र में आग लगाने से वन्यप्राणियों का रहवास क्षेत्र का विनाश हुआ। परिसर रक्षी मुंहकोट परिसर द्वारा पतासाजी करने पर पता चला कि आरोपी रामरतन पिता देवीसिंग उम्र 66 वर्ष ग्राम मुंहकोट थाना खल्लारी तहसील नगरी, जिला धमतरी ▶▶|शेष पेज 10 पर

## कलम के साथ कलरव की गूंज, गौरैया संरक्षण का लिया संकल्प

# राजिम के छात्रों ने बांटे 250 से अधिक बर्ड फीडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



विश्व गौरैया संरक्षण दिवस के अवसर पर शासकीय रामबिशाल पांडे उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में यूथ एवं इको क्लब द्वारा एक भव्य एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्लब प्रभारी व्याख्याता समीक्षा गायकवाड़ ने बताया कि विगत चार वर्षों से साइंस क्लब छात्रों द्वारा चिड़ियों के दाना-पानी की व्यवस्था के लिए बर्ड फीडर और बर्ड हाउस बनाकर वितरित किया जा रहा है। इस वर्ष भी विद्यालय में संचालित यूथ एवं इको क्लब छात्रों द्वारा कलरव - बर्ड फीडर अभियान चलाया गया जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा लगभग ढाई सौ से अधिक बर्ड फीडर (घोंसले/दाना पात्र) तैयार कर वितरित किए गए। प्रतिवर्ष आयोजित इस अभियान का उद्देश्य लुप्त होती गौरैया के संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना एवं विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन अर्चन से हुआ। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य बी.एल. ध्रुव ने कहा कि प्रतिवर्ष 20 मार्च को वैश्विक स्तर पर यह दिवस मनाया जाता है, क्योंकि बढ़ते शहरीकरण, अनियंत्रित प्रदूषण और तेजी से बदलते पर्यावरण के कारण इस नन्हीं पक्षी की संख्या में निरंतर गिरावट दर्ज की जा रही है। बीआरसीसी फिंगेश्वर सुभाष शर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा कि आज आवश्यकता है कि हम केवल जागरूकता तक सीमित न रहें, बल्कि व्यवहार में भी परिवर्तन लाएं। शिक्षण संस्थान ही वह सर्वोत्तम मंच हैं जहाँ से बालकों में संरक्षण की आदतों को रोपा जा सकता है। शाला विकास प्रबंधन समिति के सांसद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल ने कहा कि गौरैया पर्यावरण संतुलन की महत्वपूर्ण कड़ी है। इसकी घटती संख्या चिंता का विषय है, ऐसे कार्यक्रम बच्चों में संवेदनशीलता विकसित करते हैं। विधायक प्रतिनिधि खुशी साहू ने कहा कि तेजी से बदलते पर्यावरण और शहरीकरण के कारण गौरैया जैसी प्रजातियां संकट में हैं।अपने आसपास के लोगों को भी इस अभियान से जोड़ें ▶▶|शेष पेज 10 पर

## मैनपुर ईदगाह में आज सुबह 9 बजे अता की जाएगी नमाज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में ईद-उल-फितर का त्योहार 21 शनिवार को मनाई जायेगी। पवित्र रमजान माह के 30 रोजा पूरा होने के बाद ईद उल फित्र का त्योहार मनाया जाता है मैनपुर में ईद के त्योहार को लेकर ईदगाह में साफ -सफाई रंग रोगन के साथ सभी तैयारिया पूर्ण किया जा चुका है। सुबह 8:30 बजे रजा मस्जिद मैनपुर से जुलुस निकालकर मुस्लिम समाज के लोग ईदगाह पहुंचेंगे और सुबह 9 बजे ईद की विशेष नमाज अदा की जायेगी और अमन चैन खुशहाली के लिए दुआ मांगी जायेगी। वहीं दूसरी ओर ज्ञात हो कि ईद पर्व को लेकर मुस्लिम समाज के लोगो में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है पिछले एक सप्ताह से ईद पर्व के चलते मीठी सेवई, नये कपड़ो की खरीददारी के साथ ईद की तैयारी में मुस्लिम समाज के लोग लगे हुए है।

**खबर संक्षेप**

## जायरा और हमदान ने राखा रोजा



**मैनपुर।** कम उम्र में बड़ा हौसला दिखाते हुए मैनपुर के जायरा और हमदान ने रमजान के पवित्र माह मे पूरे महीने के रोजे रखकर सभी को हैरान कर दिया। जहां इस उम्र में बच्चे खेलकूद और मस्ती में लगे रहते हैं, वहीं इन दोनों नन्हे रोजेदारों ने अनुशासन, धैर्य और आस्था की एक अनोखी मिसाल पेश की है उनके इस जज्बे ने पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना दिया है। बच्चों के पिता मोहम्मद हफीज अंसारी ने बताया कि दोनों बच्चों ने पूरे उत्साह और लगन के साथ रोजे पूरे किए परिवार ने भी उनका पूरा साथ दिया और हौसला बढ़ाया। इतनी छोटी उम्र में इस तरह की इबादत करना न केवल काबिले-तारीफ है, बल्कि समाज के लिए एक प्रेरणा भी है।

**निधन**

## बिरझूराम साहू

मुड़ागांव (कोरासी)। ग्राम खड़मा निवासी बिरझूराम साहू का शुक्रवार को निधन हो गया। वे प्रभुराम, विष्णु राम एवं रिखी राम साहू के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम संस्कार में मंगलराम, भोकलूराम, रेखचंद, पवन, मनहरण, गिरीश, वेदप्रकाश, नोवेन्द्र, संजय, संतोष, अंकुश, आयुष, चेतन, ऋतुराज, प्रेम, कोमेश एवं समस्त साहू परिवार सहित बड़ी संख्या में शामिल हुए।



# राजस्व शिविर में अधिकारी नदारद 10 आवेदन मिले पर समाधान शून्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

ग्रामीण अंचलों में जनता की राजस्व संबंधी समस्याओं को मौके पर सुलझाने के दावे रसेला में खोखले साबित हुए। शुक्रवार को ग्राम पंचायत रसेला में आयोजित राजस्व शिविर महज एक कागजी खानापूर्ति और औपचारिकता बनकर रह गया। शिविर में तहसील स्तर के किसी भी जिम्मेदार अधिकारी की अनुपस्थिति के कारण ग्रामीणों को खाली हाथ लौटना पड़ा। शिविर का मुख्य उद्देश्य नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन और फौती जैसे संवेदनशील मामलों का त्वरित निराकरण करना था। लेकिन हकीकत यह रही कि यहां न तो तहसीलदार पहुंचे, न नायब तहसीलदार और न ही राजस्व निरीक्षक। शिविर में केवल हलका पटवारी ही उपस्थित थे, जो सामान्य दिनों की तरह ही कार्य कर रहे थे। अधिकारियों की अनुपस्थिति ने शासन की इस महत्वपूर्ण योजना की गंभीरता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। इन शिविरों में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, फौती और ऋण पुस्तिका से संबंधित मामलों का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया जाना था। मगर शिविर में एक भी आवेदन का निराकरण नहीं हुआ, क्योंकि इस शिविर का आयोजन सिर्फ औपचारिकता पूरी की गई। इस शिविर में सिर्फ अपने अपने हल्के के पटवारी उपस्थित थे, इस राजस्व संबंधी शिविर में कुल 10 आवेदन प्राप्त हुआ। जिसमें खाता विभाजन, समलित खाता के आपसी बंटवारा, जीर्ण शीर्ण किसान किताब, सीमांकन, अतिक्रमण हटाने, पटेल पद हेतु राशि प्रदान करने, ऋण पुस्तिका की द्वितीय प्रति बनाने के लिए आवेदन किया गया है। इस शिविर में न तहसीलदार, नायब तहसीलदार राजस्व निरीक्षक कोई भी अधिकारी मौजूद नहीं थे।

### जनप्रतिनिधियों और किसानों में भारी रोष



यहां शिविर नाम मात्र का आयोजन किया गया। राजस्व शिविर अक्सर जमीनी हकीकत से दूर, महज औपचारिकता बनकर रह गए हैं। जहां कागजी खानापूरी, अधिकारी की अनुपस्थिति और तकनीकी खामियों के कारण आम जनता की समस्याएं हल नहीं हो पाया। जैसे रसेला शिविर में, बिना निराकरण के ऐसे शिविर सिर्फ कागजों तक सीमित रह जातें हैं और लोग अभी भी समस्याओं से जूझ रहे हैं।
ऐसे शिविरों को कारगर बनाने के लिए, इनमें जवाबदेही, अधिकारी की उपस्थिति, पारदर्शिता और स्थानीय समस्याओं के तत्काल समाधान की आवश्यकता है, ताकि यह केवल कागजी प्रक्रिया बनकर न रह जाए। यह शिविर रसेला में फ्लाप साबित हुआ है। उपस्थित पटवारी लोग सामान्य दिनों की तरह अपना काम कर रहे थे। इस शिविर में ग्राम मुढीपानी, कुडेरादादर, हिराबतर, कनफाड, मेडकीडबरी, सुरगपानी, दादरगाव नया, कनसिघी, कोठीगाव, कामराज, रूवाड सहित क्षेत्र के सभी गांवों के किसान मौजूद रहे। इस मौके पर जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर, उपसरपंच परमेश्वर यादव, सरपंच हेमलता ध्रुव, ग्राम पटेल लोकराम यादव, सरपंच रुवाड विजय कृष्णा नागेश, दयाराम नागेश,अलाराम ठाकुर, पटवारी रायसिंह ठाकुर, झामन यादव, राजेश माण्डले, नेहा सेन, खेमचंद साहू, कोटवार खेमचंद, तुलसी राम, पचूराम, हेमलाल सहित कृषकगण उपस्थित थे।

## ध्रुव गोंड समाज का वार्षिक सम्मेलन आज



**छुईहा बेलर।** राज्य स्तरीय आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज, वार्षिक सम्मेलन फिंगेश्वर राज 84 गांव कार्यक्रम का आयोजन घटारानी चौक मेनगेट बुढ़ादेव मंदिर परिसर में किया गया है। कार्यक्रम की तैयारी ध्रुव समाज सर्कल जमाही धुमधाध से कर रहा है। सर्कल अध्यक्ष तीज राम ध्रुव, सचिव बिरेन्द्र ध्रुव, सलाहकार पुराणिक ध्रुव,मलेच्छु ध्रुव ने कहा कि आदिवासी ध्रुव समाज फिंगेश्वर राज 84 गांव के तत्वावधान में राज्य स्तरीय आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज का आयोजन घटारानी चौक मेनगेट स्थान-बुढ़ादेव मंदिर-जमाही में 21 मार्च को सुबह 10 बजे-शोभायात्रा, दोपहर 3 बजे अतिथि-आगमन, स्वागत रात्रि 8 बजे रात्रिकालिन भोजन रात्रि 10 बजे से सामाजिक परिचर्चा वार्षिक लेखा जोखा का कार्यक्रम आयोजित है। उक्त आयोजन का मुख्यातिथि लाड़ले किसान पुत्र राजिम विधायक रोहित साहू, आदिवासी नेता प्रांताध्यक्ष मान पन्नालाल ध्रुव , भाजपा महामंत्री चन्द्रशेखर साहू,जिला अध्यक्ष परण ध्रुव, अध्यक्ष जनपद इंद्राणी नेहरू साहू, अध्यक्ष सर्कल तीजराम, पूर्व जज राजमहल फिंगेश्वर शिवाजी राव धुर्वे, अध्यक्ष महाविद्यालय फिगेश्वर राजु साहू, प्रदेश किसान मोर्चा मनीष हरित,डोमार ध्रुव, भाजपा मंडल अध्यक्ष गोपी ध्रुव, जनपद सदस्य प्रेमिन मिथलेश ध्रुव भानुप्रताप, गंगाराम नेताम एंव आगन्तुक अतिथि, समाज गंगा कि बुढ़ादेव मंदिर परिसर उपस्थित होंगे।

# दूधमुंहे बच्चे को लेकर परीक्षा देने पहुंची महिलाएं





हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

लोहरसी शासकीय उच्चतर विद्यालय में शनिवार को आयोजित कक्षा दसवीं की विज्ञान विषय की परीक्षा में कई महिला परीक्षार्थी अपने दूधमुंहे बच्चों को गोद में लेकर केंद्र पहुंचीं। ममता और शिक्षा के प्रति इस समर्पण को देखकर वहां मौजूद हर कोई दंग रह गया। लोहरसी केंद्र के परीक्षा प्रभारी से मिली जानकारी के अनुसार, कक्षा दसवीं की ओपन परीक्षा के लिए कुल 168 छात्र-छात्राओं ने फॉर्म भरा था। शनिवार को आयोजित विज्ञान विषय के पेपर में 142 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 26 छात्र अनुपस्थित पाए गए।

**पेज 9 के शेष...**

## डुमरघाट में न...

प्रारंभ करने की बात कही साथ ही बिजली लगाने के लिए भी सर्वे किया जा चुका है लेकिन आज तक न तो सड़क का निर्माण हुआ और न ही बिजली लग पाई। राज्य व केन्द्र सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए अनेक योजनाएं संचालित किया जा रहा है ताकि ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सके लेकिन मैनपुर क्षेत्र के वनांचल के ग्रामों मे पहुंचने के लिए आज आजादी के 78 वर्षों बाद भी पक्की सड़क का निर्माण नहीं किया गया है और जो कच्ची जर्जर सड़क है उसकी स्थिति इतना दयनीय हो चला है कि इसमें मोटर सायकल चार पहिया तो दूर पैदल चलना भी किसी चुनौती से कम नहीं है। यदि पैर धोखे से भी इधर - उधर डगमगाया कि खतरनाक गड्ढे में धड़ाम से गिर पड़ेंगें। यह सड़क मैनपुर से महज 12 किमी दूर डूमरघाट की है जो बरदूला से 07 किमी तक दो छोटी बड़ी पहाड़ी और टीले को पारकर बड़ी मुश्किल के साथ यहां पहुंचा जाता है। इस गांव में विशेष पिछड़ी कमार जनजाति एवं आदिवासी समाज के लोग बड़ी संख्या में निवास करते है और यहां के ग्रामीण इसी जानलेवा सड़क से राशन लेने के लिए सात किमी दूर बोईरगांव पैदल आते है तब उन्हे राशन चावल दाल मिटटी तेल नसीब हो पाता है यहां के ग्रामीण अमरसिंह, पलटन, हेमसागर जयसिंह, गोपाल, दसरूराम, भक्तिनराम, खोगेश्वर, दशोदा बाई, रामेश्वर, गोपीचंद ने बताया कि गांव के बुजुर्ग महिला पुरूश इसी खतरनाक रास्ता को पारकर वृध्दापेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेशन और महतारी वंदन योजना की राशि लेने के लिए मैनपुर तक जाते है।

**सड़क निर्माण के लिए कई बार हो चुका है सर्वे लेकिन अब तक निर्माण नहीं-** इस पगडंडी सड़क मे मरम्मत के नाम पर मनरेगा योजना व अन्य योजना से लाखों रूपए की राशि खर्च किया जा चुका है लेकिन अभीतक बड़े बड़े गढ्ढे साक्षात दुर्घटना को आमंत्रित कर रहा है आपको जानकर यह आश्चर्य होगा कि सड़क निर्माण के लिए कई बार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सर्वे किया जा चुका है लेकिन अबतक फाईल आगे नही बढी है।

**सड़क निर्माण नहीं किया जाना क्षेत्र के लोगों के साथ धोखा-** जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम ने बताया की डुमरघाट तक सड़क निर्माण नहीं किया जाना क्षेत्र के लोगों के साथ धोखा है क्योकि आज भी डुमरघाट में बीमार पड़ने पर या गर्भवती महिलाओं को इलाज के लिए बरदुला तक 7-8 किमी कांवर और खाट से लाया जाता है इसलिए यहां सड़क निर्माण के साथ बिजली लगाई जानी चाहिए।

## टाइगर रिजर्व में ...

ने महुओं फूल बिनने के लिए और वनक्षेत्र में अवैध कब्जा कर खेती करने के लिए वनक्षेत्र की सफाई के लिए दिनांक 12 मार्च को माचिस की तिल्ली से कक्ष कमांक 230 में 2.499 हेक्टेयर क्षेत्र में आग लगाई थी। इस अग्नि प्रकरण में वैधानिक कार्यवाही करते हुए लिलेश्वर कुमार वनरक्षक परिसर रक्षी मुंहकोट परिसर द्वारा पी.ओ.आर. कमांक 07/169 दिनांक 18.03.2026 जारी कर वून्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धारा 29, 30, 32, 50 के तहत आरोपी को पकड़कर दिनांक 19.03.2026 को सहायक परिक्षेत्र अधिकारी फरसगांव उपपरिक्षेत्र, रिसगांव परिक्षेत्र सीतानदी अभयारण्य उदंती–सीतानदी टाईगर रिजर्व के साथ माननीया न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी धमतरी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उनकी प्रार्थना पर माननीया न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी धमतरी ने आरोपी को 14 दिनों का न्यायिक रिमाण्ड स्वीकृत किया। उनके आदेश के पालन में आरोपी रामरतन पिता देवीसिंग गोंड़ उम्र- 66 वर्ष ग्राम मुंहकोट थाना खल्लारी तहसील नगरी, जिला धमतरी को दिनांक 19 मार्च को जिला जेल धमतरी में दाखिल किया गया।

## 30 लीटर महुआ...

प्रांत की देशी कच्ची महुआ शराब जप्त की गई। आरोपी इंदर सिंह ध्रुव पिता पुसराम ध्रुव, उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम चिचिया, थाना देवभोग, जिला गरियाबंद का कृत्य अपराध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का घटित करना पाए जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया प्रकरण में पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने से आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

## राजिम के छात्रों...

और गौरैया संरक्षण को जन-आंदोलन बनाएं। व्याख्याता कमल सोनकर ने अपने संबोधन में गौरैया को हमारी संस्कृति और प्रकृति का अभिन्न हिस्सा बताया जिसे बचाना हम सभी की जिम्मेदारी है।जिला समन्वयक यूथ एवं इको क्लब व्याख्याता सागर शर्मा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यदि हर व्यक्ति नियमित रूप से छोटे-छोटे प्रयास करें जैसे दाना-पानी रखना और घोंसले लगाना तो बड़े परिवर्तन ला सकते हैं।

**नगर पंचायत में भी गूंजा संरक्षण का संदेश-** कार्यक्रम के दौरान रूमीना शाह, लक्ष्मी वर्मा, जिज्ञासा ध्रुव, मयंक पटेल, मोनिका साहू ने भी अपने विचार व्यक्त किए और सभी ने मिलकर गौरैया संरक्षण एवं पर्यावरण जागरूकता का संकल्प लिया। कार्यक्रम में व्याख्याता गोपाल देवांगन, पूजा मिश्रा सहित विद्यालय के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन व मार्गदर्शन समीक्षा गायकवाड़ ने किया। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं ने नगर के विभिन्न जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों को भी बर्ड फीडर वितरित किए। नगर पंचायत भवन में आयोजित वितरण कार्यक्रम में नगरपालिका परिषद अध्यक्ष महेश यादव ने शिक्षकों और विद्यार्थियों के इस प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाती है, बल्कि समाज को सकारात्मक दिशा भी प्रदान करती है। उपस्थित पार्षदगण तुषार कदम, भारतलाल यादव, बलराम यादव सहित सभी जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने अभियान की काफी सराहना की तथा अपने-अपने घरों एवं नगरपालिका भवन में बर्ड फीडर लगाने का संकल्प लिया।



# मां ब्रम्हचारिणी दरबार में 418 ज्योति कलश प्रज्वलित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

नगर के शिवाजी चौक आमापारा में स्थित मां ब्रम्हचारिणी दरबार में प्रतिवषार्नुसार इस वर्ष भी चैत्र नवरात्र पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। मां ब्रम्हचारिणी दरबार मंदिर समिति के भगत भरतलाल साहू ने बताया कि जगत जननी मां ब्रम्हचारिणी की असीम कृपा से चैत्र नवरात्र के पावन पर्व में मां ब्रम्हचारिणी माता के दरबार में पंडित अर्जुन प्रसाद तिवारी एवं पंडित देवेंद्र दुबे के पावन सानिध्य में विधिपूर्वक शुभ मुहूर्त में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित की गई है। मां ब्रम्हचारिणी के दर्शन के लिए क्षेत्र के साथ ही दूर- दूर से भक्त आस्था और विश्वास के साथ दर्शन के लिए आते हैं। मानते है की इस दरबार में माता ब्रह्मचारिणी की आराधना से भक्तों के कार्य सिद्ध होते है, मनोकामना पूर्ण होती है। यह नौ दिन मां दुर्गा की शक्ति और नारीत्व के सम्मान के प्रतीक हैं। यह त्यौहार हमें धैर्य, तपस्या और नारी शक्ति का सम्मान करना सिखाता है। नवरात्र के प्रथम दिवस ही माता के दरबार में श्रद्धालुओं की भीड़ उमर पड़ी। इस अवसर पर माँ ब्रम्हचारिणी दरबार मंदिर समिति के ताज राम साहू, फगेंद्र यदु, मेहतरु साहू, भागीराम साहू, तेजेश साहू, यशवंत साहू, ईश्वर सिन्हा, दिनेश्वर साहू, विजेंन्द्र वर्मा, तुलसी साहू, जनक साहू, गणेश पटेल, शिवराज साहू, सुरेश यादव, विकास शर्मा, विनोद साहू, योगेश साहू ,भुवन साहू, नारायण देवांगन, संतोष यादव, चुन्नीलाल देवांगन, लक्ष्मण साहू, रूपलाल साहू, बसंत जाधव, बीरेन्द्र साहू शामिल थे।

## कर्मा माता मंदिर में जले 71 ज्योति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



मां कर्मा मंदिर में 71 ज्योति कलश प्रज्वलित किया गया है। मंदिर में भक्ति और सामाजिक एकजुटता का अनुपम दर्शन इस पुनीत और भव्य अनुष्ठान में साहू समाज के वरिष्ठजनों एवं पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी गौरवमयी बना दिया। भक्ति रस में सराबोर इस आयोजन में मुख्य रूप से परिक्षेत्र साहू समाज के अध्यक्ष रमेश साहू, मंदिर अध्यक्ष रज्जू साहू, रविशंकर साहू, मेघनाथ साहू, चंपू साहू, मयाराम साहू, भरोसी साहू, डाहरू साहू, कन्हैया गुरुजी, लखन साहू, गेंदराम साहू, भागी राम साहू, पूसऊ साहू, हेमलाल साहू, धरम साहू, समय राम साहू, डिगेश्वर साहू, आलोक साहू, सुरेंद्र साहू, आराध्या साहू, रूपेंद्र ,घनश्याम साहू, कमल साहू, पंडा घनाराम साहू ,मोहन साहू ने सामूहिक रूप से आदि शक्ति माँ कर्मा की महाआरती कर लोक-कल्याण एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि की मंगल कामना की।



### भेण्डरी के शीतला माता मंदिर में 75 ज्योति कलश प्रज्वलित

**नवापारा-भेण्डरी।** भेण्डरी के शीतला माता मंदिर में पंडित राकेश शुक्ला के मंत्रोच्चार के बीच 75 ज्योति कलश प्रज्वलित किया गया। इस अवसर पर ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष नीलकंठ सिन्हा, सरपंच राजेश्वरी-आनंद पटेल, जनपद सदस्य विनीता-संतशरण साहू, पूर्व सरपंच प्रीतराम देवांगन, उपसरपंच राधे पटेल, कामता साहू, बैगा संतराम साहू, डोशन सिन्हा सहित बड़ी संख्या में देवी मां के भक्त मौजूद थे।

**खबर संक्षेप**



### आत्मानंद के तीन बच्चों का नवोदय में चयन

**मैनपुर।** प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष 2025-26 में भी स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल मैनपुर के तीन छात्र-छात्राओं ने नवोदय विद्यालय पाण्डुका गरियाबंद में प्रवेश के लिए बाजी मार ली। जिसमें कुमारी शालिनी नेताम पिता संजय नेताम, पीयूष मरकाम पिता चैनसिंह मरकाम, कुमारी दिशा ध्रुव पिता कमलेश ध्रुव शामिल है।ये तीनों छात्र-छात्राओं ने विद्यालय के सभी गतिविधियों में भाग लेते हुए अपनी मेहनत एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन से चयन परीक्षा उत्तीर्ण की और विद्यालय का नाम एक बार और रोशन कर दिए। चयन होने पर संस्था के प्राचार्य श्री बी एस नागेश, जावेद मेमन प्रधान पाठक, रामेश्वरी ध्रुव, गणेश बघेल, अखिल चेलक, संतोष पटेल, परिमल यादव, गीता यादव, राधारोशन साहू, रोली शर्मा, रामकुमार तारक ने उज्वल भविष्य की कामना की है।

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, गोबरा नवापारा जिला रायपुर (छ.ग.)**

**-: ईश्तहार :-**

क्रमांक / / तह. / वाचक - / 2026
नवापारा, दिनांक 20/03/2026

ग्राम कोलियारी प.ह.नं. 21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बोधराय चक्रधारी पिता ननकूराम चक्रधारी निवासी ग्राम कोलियारी तहसील नवापारा जिला रायपुर के द्वारा आवेदक अपनी माता सेवती बाई चक्रधारी पति ननकूराम चक्रधारी का दिनांक 14.10.1993 का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 06/04/2026 को नियत है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा /आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो आप अपने अधिवक्ता /अधिकृत व्यक्ति या स्वयं के व्दारा नियत दिनांक के पूर्व दावा आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में आये दावा /आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांक 20/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी,**
**गोबरा नवापारा**
**जिला रायपुर (छ.ग.)**



## चेटीचंड उत्सव पर भंडारा प्रसाद का वितरण

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में शुक्रवार को चेटीचंड के पावन अवसर पर प्रसाद भंडारा का वितरण किया गया। इस दौरान नितिन सचदेव एवं पूरे परिवार द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया तथा सभी लोगो को आने जाने- वाले राहगिरों को प्रसाद भंडारा वितरण किया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से सुशीला सचदेव, नितिन सचदेव, दिव्या सचदेव, जितेंद्र सचदेव, पूजा सचदेव, दिनेश सचदेव, हिमांशी सचदेव, हितेश सचदेव, हर्ष सचदेव, नव्या सचदेव, गुंजन सचदेव, मायरा सचदेव, ऐशवी सचदेव, मानवी सचदेव उपस्थित रहे।

## लोहरसी में राम नाम की गूंज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा





चैत्र नवरात्र के पवन पर्व पर क्षेत्र के ग्राम लोहरसी मे गुरुवार से शुरू हुई छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय संगीतमय श्री राम चरित्र मानसगान सम्मेलन का आयोजन हुआ। गुरुवार कों गांव की गलियों मे धूमधाम से कलश यात्रा निकाला गया। शुक्रवार कों सुबह प्रथम दिवस मुख्य मंच बजरंग चौक पर श्रीराम कृष्ण मानस परिवार बेलर चंडी ( रायपुर ) की प्रस्तुति हुई। वहीं लगातार जय गुरुदेव संकीर्तन मानस परिवार फिंगेश्वरी (गरियाबंद ), तुलसी के संदेश सम्पूर्ण महिला मानस मंडली बोरेंदा जिला ( दुर्ग ), हरिदास मानस मंडली घोटवाणी जिला ( बेमेतरा ), हे शारदे सम्पूर्ण बालिका मानस मंडली रणजीतपुर ( कन्वर्धा ) और प्रथम दिवस के अंतिम गति देते हुये आँचल मानस परिवार रिकोकला जिला ( बलौदाबजार ) की सुंदर प्रस्तुति हुई, गांव सहित आसपास से बड़ी संख्या के श्रद्धांलू रामायण कथा सुनने पहुंचे.इस दौरान बड़ी संख्या में आयोजक समिति जनप्रतिनिधि और श्रद्धांलूगण मौजूद रहे।

## पेंशनर संघ ने धारा 49(6) हटाने की मांग की



**छुरा।** छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज रायपुर के आह्वान पर तहसील शाखा छुरा द्वारा अपनी लंबित मांगों को लेकर एक दिवसीय जंगी धरना-प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना और पदाधिकारियों के आत्मीय स्वागत के साथ हुआ, जिसके बाद पेंशनरों ने सरकार के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की। धरना प्रदर्शन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए तहसील सचिव सीआर सिन्हा ने कहा कि वर्तमान सरकार पेंशनरों के साथ छलावा कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि मध्य प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49(6) का बहाना बनाकर पेंशनरों को नियमित कर्मचारियों के समान महंगाई राहत का लाभ नहीं दिया जा रहा है। संगठन ने इस धारा को तत्काल विलोपित करने की पुरजोर मांग की है। पेंशनरों को धारा 49(6) का बहाना करके नियमित कर्मचारियों के साथ महंगाई राहत का लाभ नहीं देना, इस धारा को तत्काल विलोपित करने की मांग की। शंकर सिंह ध्रुव ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए सदस्यों में एकता का होना जरूरी है। संध्या 4:30 बजे पदाधिकारी गण एवं सदस्यों ने अनुविभागीय अधिकारी छुरा को मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन तथा मुख्यसचिव छत्तीसगढ़ शासन के नाम ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के निराकरण के लिए त्वरित कार्रवाई का आग्रह किया। कार्यक्रम में एसआर निषाद, अरुण सिन्हा, भगवान सिंह ध्रुव, बीआर कंवर, बुधराम पांडे, बीएस साहू, श्यामलाल पटेल, तुलसी राम साहू, गैंदलाल साहू, हेमलाल साहू, भगवान सिंह कुम्हार, किशुन राम कुम्भकार, हिराऊ राम ध्रुव, टीआर साहू, केशव साहू, पार्वती यादव, मीना साहू, नीला देवी, नरबदिया बाई, बिराजो बाई, ललिता बाई आदि शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन अरुण कुमार सिन्हा ने किया आभार व्यक्त एस आर निषाद ने किया।






संकलनकर्ता- भागीरथी सिन्हा, हरिभूमि संवाददाता छुईहा, मो. 9589469068

## खबर संक्षेप

### भारत एक शांतिप्रिय देश हैं, विश्व में शांति चाहता है : आरबी शर्मा

**नवापारा-राजिम।** शिक्षाविद सेवानिवृत्त प्राचार्य आरबी शर्मा ने एक विज्ञप्ति में कहा है कि युद्ध किसी भी काल में अच्छा नही होता युद्ध में निरीह लोग मारे जाते हैं केवल विनाश और क्षति होती हैं। जान-माल की केवल अहित होता है। हमें विनाश की अपेक्षा निर्माण को महत्व देना चाहिए उजाड़ने की



अपेक्षा बसाने पर विश्वास करना चाहिए। एक युद्ध त्रेता युग में हुआ जो अन्याय और न्याय के बीच हुआ जिसमें न्याय की जीत हुई। दुसरा बड़ा युद्ध द्वापर काल में हुआ अधर्म एवं धर्म के बीच। धर्म की स्थापना हुई। आज भी कुछ दिनों से इजराइल और ईरान के बीच चल रहा है। जिसमें दोनों पक्ष से बेगुनाह लोग मारे जा रहे हैं। परिवार उजड़ रहा हैं। निरीह लोग मारे जा रहे हैं। घातक मिसाइल और बारूद का प्रयोग हो रहा हैं। जो प्रकृति के लिए भी विनाशकारी है। कुछ देश, आग में घी डाल रहे हैं। क्योकि वो देश बहुत बड़ा व्यापारी हैं। जो बड़े-बडे. अयुद्ध ड्रोन और मिसाइल राकेट बना कर रखा हैं, उसे बेचना है। यह व्यापार नीति हैं। वो युद्ध क्यों रोकना चाहेगा उसे अपना समान बेंचना हैं। श्री शर्मा ने कहा कि भारत एक शन्ति प्रिय देश हैं, वह विश्व में शांति चाहता हैं शांति का संदेश देता है। सारा विश्व भारत का हैं, और भारत सारे विश्व का अपना हैं।

### आदित्य व दीपेश का नवोदय विद्यालय में चयन



**फिंगेश्वर।** शासकीय प्राथमिक शाला पतोरा से जवाहर नवोदय विद्यालय परीक्षा 2026 में दो छात्रों का चयन हुआ है। चयनित होने वाले छात्रों में आदित्य कुमार बघेल पिता लोमश बघेल, दीपेश कुमार पिता ओमप्रकाश कंवर का चयन होने पर गांव में खुशी का माहौल है। इनके चयन होने पर गांव के जनप्रतिनिधि, पालक गण, शाला प्रबंधन विकास समिति के सदस्य, प्राथमिक शाला,पूर्व माध्यमिक विद्यालय पतोरा के अलावा नागरिकों ने उज्वल भविष्य की कामना की है। हेमंत साहू विकासखंड शिक्षा अधिकारी फिंगेश्वर, सुभाष शर्मा विकासखंड श्रोत समन्वयक फिंगेश्वर, सेन्दुरसाय बघेल अध्यक्ष शाला प्रबंधन विकास समिति, घनश्याम बघेल प्रधानपाठक, सूरज भारती सरपंच, छन्नू दीवान, संकुल प्राचार्य नारायण सिंह ठाकुर, परमेश्वर यादव, नकुल नाथ योगी, प्रखर सिंह ध्रुव आदि शामिल है।

## निधन

### भूमिका साहू



**राजिम।** रांवड़ के कुमारी भूमिका साहू उम्र 25 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में समाज एवं गांव के लोग शामिल हुए। वे निर्मल साहू की बेटी थी।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
13 मई, 10 जून 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशिः-स्लीपर 16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR: D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## निरीक्षण : ग्राम सेंदर में किसानों के फसल चक्र परिवर्तन का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

# फसल चक्र परिवर्तन से समृद्ध हो रहे किसान : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

फिंगेश्वर विकासखंड के ग्राम सेंदर में कलेक्टर बीएस उइके, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चंद्राकर सहित अन्य अधिकारी पहुंचकर वहां के किसानों द्वारा किए जा रहे फसल चक्र परिवर्तन का बारिकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों से विस्तृत चर्चा की। सेंदर के किसानों ने बताया कि वे पारंपरिक धान फसल को छोड़कर अब वे फसल चक्र परिवर्तन अपनाकर सरसों, उड़द,मूंग, धनिया, मक्का, तरबूज, कुम्हड़ा और चेज भाजी जैसी अलग-अलग फसलों की खेती कर रहे हैं। किसानों ने कहा कि धान के फसल में अनावश्यक पानी की बर्बादी होती है। इसके साथ ही धान के फसल लगाने से उन्हें फायदा भी नहीं होता है।इस कारण वे फसल चक्र परिवर्तन कर अपने आय में वृद्धि कर रहे है। उन्होंने बताया कि बाजार की स्थिति को ध्यान में रखते हुए उन्होंने खेतों में धान के बदले अन्य फसल लगाए है।कई किसानों ने रागी की खेती को अपनी आय का महत्वपूर्ण स्त्रोत बताया।उन्होंने बताया कि रागी की बाजार में अच्छी कीमत मिलने से प्रति एकड़ लगभग 60 से 70 हजार रुपये का लाभ मिल रहा है, जबकि रागी का वर्तमान मूल्य लगभग 5700 रुपये प्रति क्विंटल है।इसे वे बड़े पैमाने पर कर रहे हैं। गांव के कुछ किसानों ने बताया कि बीज उत्पादन के लिए अपना पंजीयन बीज निगम में कराया है। पंजीयन के बाद वे शासन से सम्बद्ध होकर प्रमाणित बीज उत्पादन कर रहे हैं, जिससे उन्हें अतिरिक्त लाभ प्राप्त हो रही है।बीज उत्पादन की पहल से ग्राम सेंदर क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाले बीजों की उपलब्धता भी बढ़ी है। कलेक्टर ने किसानों की मेहनत और नवाचार की सराहना करते हुए कहा कि फसल विविधीकरण किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने किसानों को वैज्ञानिक पद्धतियों, उन्नत कृषि तकनीक, जैविक खाद और बेहतर सिंचाई प्रबंधन को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने मैदानी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे गांवों में नियमित रूप से भ्रमण कर किसानों को तकनीकी सहायता एवं मार्गदर्शन लगातार देते रहे। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों से कहा कि किसानों को योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाने के लिए समन्वयपूर्वक कार्य करें तथा फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने के लिए हर संभव सहायता प्रदान करें। इस दौरान एसडीएम विशाल महारणा राजिम सहित कृषि अधिकारी उपस्थित थे।

■ रागी, दलहन-तिलहन और सब्जी फसलों से किसानों की आय में बढ़ी तेजी







## परंपरागत खेती छोड़ मुनाफे की ओर बढ़े सेंदर के किसान : कलेक्टर

**छुईहा बेलर।** गरियाबंद जिला प्रशासन कृषि विभाग, वरिष्ठ कृषि विकास विभाग फिंगेश्वर की ओर से फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने के तहत गुरुवार को कलेक्टर बी.एस. उइके एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चंद्राकर ,एस डी एम विशाल महाराणा, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी फिंगेश्वर प्रभारी के आर वर्मा ने फिंगेश्वर विकासखंड के ग्राम सेंदर का दौरा किया। यहां उन्होंने किसान रामाधार सहित अन्य किसान द्वारा अपनाए जा रहे फसल चक्र परिवर्तन और नवाचारी कृषि पद्धतियों का सूक्ष्म निरीक्षण किया। सरकार की योजना और जिला प्रशासन की प्रोत्साहन से किसान उत्साहित हैं। ग्राम सेंदर के किसान रामाधार ने पारंपरिक धान की खेती को छोड़कर फसल चक्र में बदलाव करते हुए सरसों, उड़द, मूंग, धनिया, मक्का, तरबूज, कुम्हड़ा और भेंणडी, भुट्टा, तिवड़ा,चना, बटरी चेज भाजी जैसी विविध फसलों की 25-30 एकड़ में खेती शुरू की है। किसान ने कलेक्टर एवं हरिभूमि को बताया कि धान की खेती में अत्यधिक पानी की खपत होती है और आर्थिक लाभ भी सीमित



रहता है। इसके स्थान पर अब वे बाजार की मांग के अनुरूप फसलें उगा रहे हैं, जिससे उनकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि की सम्भावना है। कृषि विभाग हरिशंकर सुमेर ने कहा की विशेष रूप से रागी की खेती को किसानों ने आय का महत्वपूर्ण जरिया बताया। रागी का बाजार भाव लगभग 5,700 रुपये प्रति क्विंटल है, जिससे प्रति एकड़ 60 से 70 हजार रुपये तक का शुद्ध लाभ प्राप्त हो रहा है। इसके अलावा, कई किसानों ने बीज निगम में पंजीयन कराकर प्रमाणित बीज उत्पादन शुरू किया है, जिससे उन्हें अतिरिक्त आमदनी हो रही है और क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाले बीजों की उपलब्धता भी बढ़ी है। कलेक्टर बीएस उइके ने उपस्थित किसान रामाधार साहू के परिश्रम की सराहना करते उपस्थित किसान तुलसी साहू, हूलस, टूकेश्वर, चन्द्रहास, भगवानी,हिलेश, सरपंच गामनी राकेश घृतलहरे , खेमराज सिन्हा, निधान को नवाचार की सराहना करते हुए कहा कि फसल विविधीकरण किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने का प्रभावी तरीका है। इस अवसर पर एसडीएम राजिम विशाल महारणा सहित कृषि विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे। कलेक्टर ने सभी विभागों से आह्वान किया कि वे किसानों को सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ पहुँचाने और फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित करने हेतु समन्वयित प्रयास करें। कलेक्टर भगवान दास उइके प्रखर चंद्राकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गरियाबंद विशाल महाराणा अनुविभागीयअधिकारी राजस्व राजिम डिम्पल ध्रुव तहसीलदार राजिम के आर वर्मा वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी हरिशंकर सुमेर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी लीना साहू ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी उपस्थित थे।

## मां कर्मा जयंती समारोह में दो जोड़ों का हुआ आदर्श विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

ग्राम पोड़ में परिक्षेत्र साहू समाज चंपारण (नवागांव) एवं ग्राम साहू समाज के संयुक्त तत्वावधान में आदर्श विवाह समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कर्मा माता की विधिवत पूजा-अर्चना, यज्ञ-हवन एवं खिचड़ी भोग के साथ हुई, जिसके बाद महिलाओं द्वारा कलश यात्रा एवं भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर दो जोड़ों का विवाह पारंपरिक रीति-रिवाज एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराया गया। गोधूलि बेला में संपन्न हुए इस विवाह में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं समाज के लोग शामिल हुए। समाज एवं अतिथियों द्वारा नवदंपत्तियों को बर्तन, पलंग, गद्दा, ड्रेसिंग टेबल सहित अन्य उपयोगी सामग्री उपहार स्वरूप प्रदान कर आशीर्वाद दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक इंद्र कुमार साहू ने अपने उद्बोधन में कर्मा माता, माता राजिम एवं दानवीर भामाशाह के योगदान का उल्लेख करते हुए आदर्श विवाह की परंपरा को समाज के लिए अनुकरणीय बताया। उन्होंने नवदंपत्तियों को शुभकामनाएं देते हुए आर्थिक सहयोग की घोषणा की तथा समाज भवन हेतु 3 लाख रुपये और अन्य विकास कार्यों के लिए राशि देने की घोषणा की वही विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू ने भी समाज की एकजुटता एवं ऐसे आयोजनों की सराहना की। पुर्व मंत्री श्री साहू ने विभिन्न सफल सामाजिक आयोजन के लिए समाजसेवी ब्रह्मानंद साहू जिक्र करते बधाई दी। ग्रामीण अध्यक्ष द्वारका साहू के द्वारा समाज के 10वीं 12वीं में 75 परसेंट से ऊपर अंक पाने वाले विद्यार्थियों को नगद राशि से सम्मानित किया।

■ जयंती के उपलक्ष्य में महिलाओं ने निकाली भव्य कलशयात्रा और खिचड़ी का बांटा प्रसाद

## विधायक इंद्रकुमार साहू की अनुशंसा पर करोड़ों रुपए के विकास कार्यों की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

विधायक इंद्रकुमार साहू की अनुशंसा पर अभनपुर विधानसभा क्षेत्र को एक बार फिर बड़ी विकास कार्यों की सौगात मिली है। अधोसंरचना विकास एवं पर्यावरण उपकर निधि योजना के अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में सड़कों, सामुदायिक भवनों, खेल मैदानों और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़े करीब 25 विकास कार्यों को स्वीकृति मिली है। इन कार्यों पर लाखों रुपये की राशि खर्च की जाएगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को नई गति मिलेगी। जिसका कुल राशि 270 लाख अनुमानित हैं। ग्राम -मोखेतरा में सी.सी.रोड निर्माण गुढ़ी चौक से होरीलाल घर तक - 15 लाख रुपए , ग्राम - तामासिवनी सी.सी.रोड निर्माण मेन रोड से चंद्ररेखा के घर तक -15 लाख रुपए , ग्राम- खिलोरा में सीसी रोड निर्माण शीतला मंदिर से हनुमान मंदिर तक -10 लाख रुपए , ग्राम - कुर्रा में सी.सी.रोड निर्माण 10 लाख रुपए ,भेलवाडीह में सी.सी.रोड निर्माण 10 लाख रुपए ,ग्राम - परसदा-सोठ में सामुदायिक भवन निर्माण ( धीवर पारा में ) -7 लाख रुपए , ग्राम - सामुदायिक भवन निर्माण ( ठाकुर पारा में ) -10 लाख रुपए , बकतरा - सामुदायिक भवन निर्माण( महिलाओं हेतु ) -10 लाख रुपये, ग्राम - मोखेतरा में शेड निर्माण शासकिय माध्यमिक शाला में 15 लाख रुपये , ग्राम - मोखेतरा में खेल मैदान समतलीकरण कार्य - 19.50 लाख रुपये , ग्राम - तामासिवनी में खेल मैदान समतलीकरण कार्य शासकीय हाईस्कूल - 19.50 लाख रुपये , ग्राम - टेकारी में खेल मैदान समतलीकरण कार्य -10 लाख रुपये ,ग्राम - गोतियारडीह में आहाता निर्माण एवं समतलीकरण (गुरु घासीदास मंदिर के पास )-15 लाख, धुसेरा में खेल



मैदान समतलीकरण कार्य देवरभाठा 10 लाख रुपये, ग्राम भुरका में आहाता निर्माण एवं समतलीकरण ( मंदिर के पास ) 10 लाख ,पोंड़ में . यात्री प्रतीक्षालय (बस स्टैंड )- 7 लाख,मुंडरा में आहाता निर्माण सतनामी समाज 5 लाख रुपए, निमोरा में शासकीय पूर्व मा.शाला में शेड निर्माण 4 लाख, निमोरा में हाई स्कूल प्रार्थना शेड ,पेवर ब्लॉक निर्माण 7 लाख रूपए स्वीकृत हुआ हैं। विधायक इंद्रकुमार साहू की अनुशंसा पर अभनपुर क्षेत्र के टेकारी, पोंड़, छछानपैरी, मानिकचौरी, सुंदरकेरा और चंपारण के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में स्मार्ट क्लास एवं वाटर कूलर लगाए जाएंगे। प्रत्येक कार्य के लिए करीब 11 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है, जिससे विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा संसाधन और स्वच्छ पेयजल की सुविधा उपलब्ध होगी। जिससे शिक्षा व्यवस्था मजबूत होगी। विधायक श्री साहू की पहल और अनुशंसा पर अभनपुर क्षेत्र में लगातार विकास कार्यों को मंजूरी मिल रही है।

## नवरात्र, ईद एवं रामनवमी को लेकर शाति समिति की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर थाना में आज गुरूवार शाम को नवरात्र पर्व, ईद पर्व एंव रामनवमी पर्व को लेकर शाति समिति की बैठक आयोजित किया गया जिसमें नगर सहित क्षेत्र के लोग बडी संख्या में शामिल हुए। बैठक मे मैनपुर थाना प्रभारी शिवशंकर हुर्रा नवरात्र, ईद पर्व के साथ रामनवमी का पर्व परम्परानुसार धुमधाम के साथ मनाने की अपील किया साथ ही उन्होने कहा कि मैनपुर मे सभी धर्मो के लोग आपसी भाईचारा के साथ रहते है और सभी त्यौहार को मिलजूल कर मनाते है उन्होने आगे भी भाईचारा के साथ त्यौहार मनाने की अपील किया है। इस दौरान सभी चौक चौराहो एंव धार्मिक स्थलों पर पुलिस बल तैनात करने की बात कही है, बैठक में प्रमुख रूप से मैनपुर सरपंच हनीता नायक, भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोश यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामदास वैष्णव, मोहन कुशवाहा, हनीफ मेमन, जाहिद रजा, अजहर मेमन, सुल्तान मेमन, गोलु मेमन, जाकीर रजा, संतोश साहू, देवकी तिरधारी, नरेन्द्र पटेल, अफजल खान, अजय साहू एंव बडी संख्या में नगर व क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।

## पांचवीं व आठवीं की परीक्षाएं प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

फिंगेश्वर ब्लॉक के अंतर्गत संचालित समस्त परीक्षा केंद्रों में इस वर्ष बोर्ड परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुई। बोर्ड परीक्षा के दौरान प्रशासन एवं विद्यालय परिवार द्वारा समुचित व्यवस्था की गई जिससे विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा. बोर्ड परीक्षा के दौरान समय—समय पर माध्यमिक शिक्षा मंडल,जिला स्तरीय टीम द्वारा निरीक्षण किया गया।विकासखंड स्तर पर एस.डी.एम एवं तहसीलदार के नेतृत्व में दो उड़न दस्ता दल द्वारा निरीक्षण किया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी हेमंत साहू एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सुभाष शर्मा ने बताया कि परीक्षाएं विद्यार्थियों के जीवन का महत्वपूर्ण चरण होती है जिसमे अनुशासन,ईमानदारी एवं परिश्रम का विशेष महत्व होता है। उन्होंने बोर्ड परीक्षा कार्य में लगे सभी केन्द्राध्यक्षों,संकुल प्राचार्यो, समन्वयको,शिक्षकों,कर्मचारियों एवं प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए उनके सहयोग की सराहना



की। इसी क्रम में अब विद्यालयों में पाँचवी आठवीं की केंद्रीयकृत परीक्षा प्रारंभ हो गई है जिसमें छात्र-छात्राएं पूरे उत्साह एवं उमंग के साथ परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं। इसके लिए विकासखंड एवं संकुल स्तरीय निरीक्षण दल का गठन किया गया है जो समय-समय पर परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते हैं। केंद्रीयकृत परीक्षाओं का मूल्यांकन पूरी पारदर्शिता के साथ अंतर विकासखंड स्तर पर किया जाएगा।

## मैनपुर-देवभोग क्षेत्र में चैत्र नवरात्रि की धूम

**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के मैनपुर देवभोग क्षेत्र मे चैत्र नवरात्र का पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई जा रही है क्षेत्र के सभी देवी मंदिरों में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किया गया है और विधिविधान के साथ पूजा अर्चना किया जा रहा है क्षेत्र का माहौल धार्मिकमय हो गया है। देवभोग क्षेत्र के ग्राम घोघर झिरनीखोल मां वैष्णोदेवी चैत्र नवरात्र महोत्सव मे कलश यात्रा मे शामिल होने जिला पंचायत गरियाबंद के अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप एवं जिला पंचायत सदस्य श्रीमति नेहा सिंघल पहुंचे और विशेष पूजा अर्चना कर सुख, शांति-समृद्धि व खुशहाली की कामना किया यहां कलश यात्रा में हजारों की संख्या में क्षेत्र के लोग शामिल हुए भारी उत्साह का माहोल देखने को मिला। इस कलश यात्रा में सरपंच, उपसरपंच, पंचायत प्रतिनिधि क्षेत्र के वरिष्ठजन बड़ी संख्या में शामिल हुए।

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
रायपुर शहर
सीनियर प्रसार प्रतिनिधि
05 पद
शैक्षणिक योग्यता स्नातक
समाचार पत्र में प्रसार विभाग में
कार्य अनुभव 2 साल
वेतन 15000 + 5000/-
दिनांक - 20 मार्च से 23 मार्च 2026
समय - सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक
नोट : प्रसार वृद्धि के लिये टीम तैयार करने वाले को प्राथमिकता
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं।
cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

## रानीपरतेवा के श्री राम जानकी मंदिर में 55वां नवधा रामायण मानस यज्ञ प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

ग्राम रानीपरतेवा स्थित श्री राम जानकी मंदिर प्रांगण में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर 55वें वर्ष के नौ दिवसीय मानस यज्ञ का शुभारंभ 19 मार्च से विधिवत किया गया।

इस धार्मिक आयोजन के आचार्य आदरणीय श्रद्धेय श्री रामकुमार शर्मा के सानिध्य में एवं मानस पाठ का वाचन आदरणीय विजय शुक्ला द्वारा किया जा रहा है। यज्ञ एवं पूजा-पाठ का यह कार्यक्रम 19 मार्च से 27 मार्च (गुरुवार) तक आयोजित होगा। कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार प्रतिदिन सुबह 7:30 बजे से 9:00 बजे तक पूजा-



पाठ, 9:30 बजे से 12:30 बजे तक नवधा पारायण पाठ तथा दोपहर 3:30 बजे से संगीत एवं प्रवचन का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन समस्त राम मंदिर परिवार, महिला मानस मंडली एवं ग्रामवासियों के सहयोग से संपन्न हो रहा है। आयोजन को सफल बनाने



में मंदिर समिति के सदस्य अमन शुक्ला, आकाश शुक्ला, नाथूराम, जयराम साहू, सोनसाय निषाद, कीर्तन निषाद, भूषण साहू, फूल सिंह निषाद, ललित यादव, गोवर्धन यादव, प्रकाश यादव, महेश सिन्हा, टांकेश्वर सिन्हा, संतोष सिन्हा, शिव विश्वकर्मा, जगतू निषाद, पहलाद यादव, प्रदुमन साहू, फते निषाद एवं नंद कुमार निषाद का विशेष योगदान रहा है।